प्रेस विज्ञप्ति

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री श्री रघुवंश प्रसाद सिंह ने अपने अराजक व्यवहार का प्रदर्शन करते हुए पुनः एक बार प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्ववाली यूपीए सरकार की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया है। पटना मे आयोजित पत्रकार सम्मेलन मे रघुवंश प्रसाद सिंह का वक्तव्य सभी लोकतांत्रीक मर्यादाओं को चकनाचूर करते हुए आपे से बाहर होकर बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के विरूद्ध बयानबाजी, केन्द्रीय मंत्री श्री सिंह के मानसिक और राजनीतिक अस्थिरता एवं कमजोरी का संकेत देता है। राजनितिक परम्पराओं एवं राज्य व केन्द्र की राजनीतिक संवाद को रघुवंश ने धृष्टता से चकनाचूर किया है। पन्द्रह वर्ष के लालू – राबड़ी के कार्यकाल के श्री सिंह एक प्रमुख भागीदार थे और पिछले विधानसभा में राजद के पन्द्रह वर्ष के कार्यकाल के बदहाली का जवाब बिहार की जनता ने भाजपा – जद यू के सरकार को स्थापित करके बिहार के जंगलराज से निजात दिलाया। श्री अटल बिहारी के भाजपा नेतृत्ववाली सरकार ने मात्र बिहार ही नही बल्कि पूरे देश को एक अतिस्मरणीय आर्थिक और सामाजिक विकास की मिशाल स्थापित किया है। श्री सिंह यूपीए और स्थानीय राजद सरकार के निरंतर घटते प्रभाव से बेचैन हो अनर्गल बयानबाजी पर उतारू है।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री राजीव प्रताप रूडी ने बताया कि रघुवंश प्रसाद सिंह द्वारा बिहार के उप मुख्यमंत्री सुशील मोदी एवं पथ निर्माण मंत्री नन्दकिशोर यादव के विरूद्ध टिप्पणी **"जीभ खींच लूंगा"** का प्रयोग राजद के नेताओं का राजनीतिक दिवालीयापन का परिचय देता है। पिछले दिनो लोकसभा के अन्दर डी॰एम॰के॰ सदस्यों और वामपंथी सांसदो के बीच हुए हाथापाई यूपीए सरकार के कमजोर एवं अपंग नेतृत्व को पूरी तरह से प्रमाणित करता है। प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह अपने मंत्रीमंडल के सदस्यों को पूरी तरह से नियंत्रित करने में असफल रहे है। मुल रूप से पुरे भारतवर्ष की जनता यह जानती है कि प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह कांग्रेस अध्यक्षा एवं उनके परिवार के लिए मात्र एक कठपुतली स्वरूप है जो सौ करोड़ की आबादी वाले और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए एक उपहास है। भाजपा यह मांग करती है कि रघुबंश प्रसाद सिंह के गैर जिम्मेदाराना एवं अनियंत्रित बयान के लिए प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह उन्हें मंत्रीमण्डल से अविलम्ब बर्खास्त करें।

श्याम जाजू

(श्याम जाजू)